# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–88 / 2025 /पटना, दिनांक–

संवेदक संजीव कुमार (Reg. No. 2180511) Add:- At 04 Road No. 01, Gurusahay Lal Nagar, Ashiyana Nagar Patna, Bihar Pincode 800025 को कार्य प्रमंडल, बिहारशरीफ के अधीन MMGSY (SC) योजनान्तर्गत Agreement No. SBD/46/2018-19 के अन्तर्गत महलपर–तेतरावाँ पथ के हटिया पथ से दलित टोला समस्ती पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया था। उक्त एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 21.12.2018 एवं समाप्ति की तिथि 20.12.19 था।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बिहारशरीफ द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा संदर्भित पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बिहारशरीफ के कार्यालय आदेश संख्याः–28 दिनांक 11.01.2022 द्वारा एकरारनामा संख्याः– SBD/46/2018-19 को विखंडित किया गया।

मुख्य अभियंता–01 (पटना), ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक 1006 अनु0 दिनांक 18.04.2023, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, नालन्दा के पत्रांक 302 अनु0 दिनांक 15.04.2023 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बिहारशरीफ के पत्रांक 465 अनु0 दिनांक 13.04.2023 द्वारा संदर्भित पथ का निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित / अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक अनुरक्षण कार्य को अपूर्ण / लंबित रखने के कारण संवेदक संजीव कुमार (Reg. No. 2180511) को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 2682 अनु0 दिनांक 23.05.2023, पत्रांक 5999 दिनांक 12.06.2025, पत्रांक 7866 दिनांक 21.07.2025 एवं पत्रांक 9131 दिनांक 25.08.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बिहारशरीफ के पत्रांक 1445 अनु0 दिनांक 12.11.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि संदर्भित पथ के एरारनामा के विखंडन के उपरान्त शेष कार्य को पूर्ण कराये जाने के निमित पुनर्निविदा की गयी एवं संवेदक संदीप कुमार उक्त कार्य आवंटित कर पथ का एकरारनामा दिनांक 09.06.2025 को किया गया।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक संजीव कुमार (Reg. No. 2180511) Add:- At 04 Road No. 01, Gurusahay Lal Nagar, Ashiyana Nagar Patna, Bihar Pincode 800025 के निबंधन संख्याः–2180511 को अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

03.12.2025

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

क0प्र0उ0

58

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–88 / 2025 12232 / पटना, दिनांक– 04/12/25

प्रतिलिपि– संवेदक संजीव कुमार Add:- At 04 Road No. 01, Gurusahay Lal Nagar, Ashiyana Nagar Patna, Bihar Pincode 800025 को सूचनार्थ प्रेषित।

03.12.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–88 / 2025 12232 / पटना, दिनांक– 04/12/25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.12.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–88 / 2025 12232 / पटना, दिनांक– 04/12/25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

03.12.2025

अभियता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–88 / 2025 12232 / पटना, दिनांक– 04/12/25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03.12.2025

अभियंता प्रमुख